भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

10.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2872 का उत्तर

काजीपेठ में रेलकोच फैक्टरी

2872. श्री उत्तम कुमार रेड्डी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का तेलंगाना राज्य में काजीपेठ, वारंगल में रेल कोच फैक्टरी स्थापित करने का कोई विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): जी नहीं। भविष्य में सवारी डिब्बों की निरंतर मांग रेल सवारी डिब्बा कारखाना की स्थापना के लिए एक पूर्व अपेक्षा है। उपलब्ध विनिर्माण क्षमता की तुलना में सवारी डिब्बों की आवश्यकता की हाल ही में समीक्षा की गई और निकट भविष्य में मेन लाइन के सवारी डिब्बों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किसी नए सवारी डिब्बे के निर्माण का कार्य तत्काल शुरु करने का औचित्य नहीं बनता।

****

mm